No. of Printed Pages : 5 **BSKLA–135**

# बी. ए. (सामान्य) संस्कृत

# (बी. ए. जी.)

# सत्रांत परीक्षा

# जून, 2026

## बी.एस.के.एल.ए.–135 : संस्कृत भाषा और साहित्य

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।*

---

### भाग—क

### (व्याख्या आधारित प्रश्न)

1. निम्नलिखित श्लोक तथा गद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2×10=20

(i) माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।

मनः शीघ्रतरं वाताच्चिन्ता बहुतरी तृणात्॥

*अथवा*

कुले प्रसूतिः प्रथमस्य वेधसस्त्रिलोकसौन्दर्यमिवोदितं वपुः।

अमृग्यमैश्वर्यसुखं नवं वयस्तपःफलं स्यात् किमतः परं वद॥

(ii) इह जगति नहि एवं विधं अपरं किञ्चित् अपरिचितम् अस्ति, यथा इयम् अनार्या। लब्धा अपि खलु दुःखेन परिपाल्यते। दृढगुणपाश–सन्दाननिष्पन्दीकृता अपि नश्यति। उद्दामदर्प– भटसहस्त्रो–ल्लासितासिलतापञ्जरविधृता अपि अपक्रामति।

*अथवा*

अस्ति गोदावरीतीरे विशालः शाल्मलीतरुः। तत्र नानादिग्देशादागत्य रात्रौ पक्षिणो निवसन्ति। अथ कदाचिदवसन्नायां रात्रावस्ताचलचूडावलम्बिनि भगवति कुमुदिनीनायके चन्द्रमसि लघुपतनकनामा वायसः प्रबुद्धः कृतान्तमिव द्वितीयमायान्तं व्याधमपश्यत्।

## भाग—ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$10 \times 5 = 50$

(i) सन्धि और संहिता किसे कहते हैं ?

(ii) निम्नलिखित वर्णों का उच्चारण-स्थान लिखिए :

ए, त, श, ल, म

(iii) कारक किसे कहते हैं ?

(iv) 'लिख्' धातु के लङ्लकार में रूप लिखिए।

(v) 'बालक' शब्द के प्रथमा, तृतीया एवं षष्ठी विभक्ति में रूप लिखिए।

(vi) निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए :

(क) वह जाता है।

(ख) वे सब पढ़ती हैं।

(ग) हम सब मिलकर खाते हैं।

(घ) मैं घर गई थी।

(ङ) तुम दोनों किस विद्यालय में पढ़ते हो ?

(vii) निम्नलिखित पदों में सन्धि विच्छेद कीजिए :

(क) महेश

(ख) तथैव

(ग) कोऽपि

(घ) स्वागतम्

(ङ) सज्जन

(viii) नचिकेता के **तीन** वरों को क्रम से बताइए।

(ix) पाठ्यांश में निर्धारित चरकसंहिता के स्वस्थवृत्त में वर्णित विषय की **पाँच** विशेषताएँ लिखिए।

(x) संस्कृत पद्यकाव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(xi) पल्लवन किसे कहते हैं ?

(xii) पत्र–लेखन की शैली का वर्णन कीजिए।

(xiii) संस्कृत भाषा की विशेषता (संस्कृतभाषायाः वैशिष्ट्यम्) विषय पर संस्कृत में **पाँच** पंक्तियाँ लिखिए।

## भाग—ग

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 

$2 \times 15 = 30$

(i) वाक्य की परिभाषा देते हुए वाक्य के भेदों का वर्णन कीजिए।

(ii) यक्ष–युधिष्ठिर संवाद का सामाजिक महत्त्व लिखिए।

(iii) कालिदास का परिचय देते हुए 'कुमारसम्भवं' का सार लिखिए।

(iv) समाचार के उद्भव एवं विकास का वर्णन कीजिए।

× × × × ×